पु•ना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| PERIODIC ASSIGNMENT -1 2021-22 | |
|---|---|
| कक्षा - 3 | विषय हिंदी - |
| Syllabus – CH- 1,2 | FROM TEXTBOOK |

[ READING SECTION] पठन

**Q. निम्नलिखित गंघाश के प्रश्नो के उत्तर लिखो।**

एक राजा के दो पुत्र थे। बड़े पुत्र का नाम अजय और छोटे पुत्र का नाम विजय था। अजय आज्ञाकारी और सुशील था जबकि विजय झगड़ालु और गुस्सैल था। अजय को राज्य की सारी प्रजा पसंद करती थी जबकि विजय को नापसंद करते थे। बड़ा होकर अजय राजा बना और विजय अपनीबुराइयों के कारण अपमान सहता रहा।

**प्र- राजा के कितने पुत्र थे?**

उ- राजा के दो पुत्र थे?

**प्र- दोनों पुत्रों के क्या नाम थे?**

उ-- बड़े पुत्र का नाम अजय और छोटे पुत्र का नाम विजय था।

**प्र- विजय कैसा लड़का था?**

उ- विजय झगड़ालु और गुस्सैल था

**प्र-अजय को प्रजा क्यों पसंद करती थी?**

उ- अजय आज्ञाकारी और सुशील था

**प्र-अजय आर विजय में से कौन राजा बना ?**

उ- अजय राजा बना

ब-गोपाल एक गरीब बच्चा था। स्कूल के बाद वह आइस्क्रीम बेचता था। जो पैसे मिलते थे वह अपनी माँ को लाकर देता था।उसकी माँ उसे ईमानदारनि से जीवन जीना सिखाती थी। गोपाल अपनी माँ की बातें ब्हुत ध्यान से सुनतान था। उसे अपनी मेहनत और अपनी माँ की बातों पर विश्वास था। वह चाहता था कि वह पढ़ लिखकर बड़ा आदमी बने। माँ उसकी बात सुनके बहुत खुश होती थी। गोपाल कभी कभी लकड़ी को इस प्रकार से अपने कंधे पर रखलेता जैसे बंदूक उठाकर चल रहो,और देश प्रेम के गीत गाता था।

**प्र-गोपाल स्कूल के बाद क्या करता था?**

उ- आइस्क्रीम बेचता था।

प्र-गोपाल की माँ उसे क्या सिखाती थी?

उ- ईमानदारी से जीवन जीना सिखाती थी

प्र-गोपाल बड़ा होकर क्या बनना चाहता था?

उ- बड़ा आदमी

प्र-कभी कभी गोपाल क्या करता था?

उ- लकड़ी को इस प्रकार से अपने कंधे पर रखलेता जैसे बंदूक उठाकर चल रहो, और देश प्रेम के गीत गाता था।

प्र-इस गदयांश का कोई शीर्षक लिखिए।

उ- मेहनत करनी चाहिए ।

**[WRITING SECTION ] लेखन**

**Q .2(A) निबंध लिखिए।** **मेरा प्रिय पक्षी तोता**

- तोता एक शाकाहारी पक्षी है और यह अपने खाने में सब्जियां और फल ज्यादा खाना पसंद करते हैं। तोते झुण्ड में रहना ज्यादा पसंद करते हैं,
- इसी कारण जब भी तोते अपने भोजन की तलाश करने जाते हैं तो झुण्ड में जाते हैं।
- तोता अपने भोजन की तलाश में 1000 किलोमीटर से ज्यादा की उड़ान भर सकता है।
- तोता पक्षी समझदार और बुद्धिमान बहुत होता है।
- यदि तोते को इंसानों के बीच में एक महीने के लिए रख दिया जाए तो यह इंसानों की नकल करने लगता है|
- इंसानों की तरह कुछ कुछ शब्द बोलने भी लगता है।
- तोता कोई भी भाषा आसानी से सिख लेता है और इसकी आवाज एक किलोमीटर तक सुनी जा सकती है।
- तोते को भारत में ज्यादातर लोग पिंजरे में बंद करके घर में रखते हैं और इसको राम राम जैसे शब्द सिखाये जाते हैं।
- यह शब्द तोता घर में आये मेहमानों के स्वागत के लिए प्रयोग करता है।
- तोते के घोंसले को हिंदी में "कोटर" कहा जाता है।
- इसे तोता पेड़ के तने को गोल आकार में काटकर बनाता है।
- तोते की विश्व में कई प्रजातियां खोजी जा चुकी हैं।
- इसकी संख्या 350 से भी अधिक है।
- तोता गांव, शहर, खतों और जंगलो में हर जगह पर पाया जाता है।

Q.2 **(B) फूलों का महत्त्व**

- हमारी प्रकृति हमें एक बहुत ही **प्यारा उपहार** दिया है जिसे हम फूल (पुष्प) के नाम से जानते है। फूलों ने हमें कई प्रकार के रंग और मनमोहक खुशबू भी दी है और फूल ही हमारी धरती की सुन्दरता को बढ़ाते

- फूल की खुशबु से मन को अत्यंत शांति मिलती है। ये हर किसी का मन मोह लेते है।

- फूलों का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्त्व है।
- हमारे **देश भारत** में फूलों के बिना हमारे भगवान की पूजा संपन्न नहीं होती है।
- हम फूलों की माला बनाकर भगवान को समर्पित करते है।
- कभी-कभी किसी पूजनीय व्यक्ति को भी हम फूलों की माला पहनाकर उसका स्वागत करते।
- इसके अलावा फूलों की सुगंध जो हमें अति मोहनीय लगती है,
- उसका उपयोग हम अलग-अलग जगह पर करते है और फूलों को हम अपने बगीचे में लगाकर अपने घर आँगन की **सुन्दरता बढ़ाते है**।
- दुनियां के हर एक कोने में फूलों का अपना अलग ही महत्त्व है। कुछ फूलों को तो हम औषधि के रूप में भी प्रयोग करते है।
- फूलों से अलग-अलग सुगंध के इत्र भी बनाये जाते है।
- वो हर एक चीज़ जिसमें सुगंध है।
- यह अनुभव हमें इन प्यारे, कोमल फूलों ने ही दिया है।
- फूलों का रस भौरे लेते है और **तितलियाँ**, पक्षी, मधुमक्खियों आदि फूल को भोजन के रूप में ग्रहण करते है।
- एक पौधे में प्रजनन की प्रक्रिया फूलों द्वारा ही पूर्ण होती है।

**Q.2 ( C) अनौपचारिक पत्र लेखन :नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मित्र को बधाई–पत्र लिखिए ।**

**36,बी करोल बाग,**<br>
**अहमदाबाद.**<br>
**13 अप्रेल , 20**

**प्रिय राजन,**

सस्नेह नमस्ते,

आज सुबह अखबार पढ़कर बड़ी खुशी हुई ।राज्य स्तर पर आयोजित नत्य प्रतियोगिता में तुम्हारे प्रथम आने की सूचना पढ़त ही मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हुई।
तुम्हारी मेहनत और लगन को देखकर मुझ पहले से विश्वास था कि नृत्य मे तुम्हे कोई टक्कर नहीं दे सकताहैं ।इस महान उपलबधि के पीछे गुरुजी का योगदान सर्वोपरि है ।

आशा करता हूँ कि आगे भी तुम जीवन के हर क्षेत्र में इसी प्रकार सफल हो ते जाओगे ।

तुम्हारा मित्र
विमल

**[GRAMMAR SECTION] व्याकरण**

**Q.1 निम्नलिखित वाक्यों नें संज्ञा शब्दों के नीचे रेखा खींचिए ।**

१:यहाँ गंगा बहती है ।

२:गीता पवित्र ग्रंथ है ।

३:राम जाता है ।

४: शेर जंगल में रहता है ।

५:आम का पेड़ बहुत बड़ा है ।

**Q.2 वणों को सही कम मे रखकर अर्थपूण शब्द बनाइए।**

लीछम - मछली

णगश - गणश

वशि -शिव

कमच - चमक

बीधो - धोबी

शकाआ- आकाश

फातून-तूफान

दबंर - बंदर

**[LITERATURE SECTION ] पाठ्य पुस्तक / साहित्य**

**(A) निम्नलिखित शब्दो के अर्थ लिखिए।**

- कक्कु - एक पक्षी का नाम
- चिढ़ाना- किसी की बात पर रूठ जाना
- भड़क - गुस्सा करना
- झगड़ालु - झगडा करने वाला
- ठिठोली - मजाक उडाना
- तनिक - थोड़ा सा
- मिसरी- शक्कर की गोली
- दिनभर- पूरा दिन
- बात-बात- हरेक बात
- मुँह फूलाना- गुस्सा होना|
- जंगल- वन
  मुश्किल - कठिन
- गुस्सा- क्रोध
- आग बबूला होना - अत्यधिक गुस्सा होना
- जवाब - उत्तर
- हिम्मत - हौंसला
- विशालकाय - बहुत बड़ा
- ऊब जाना - मन भर जाना
- प्रणाम -नमस्कार
  कोशिश - प्रयत्तन
- पंजा -चगुल ,नखुन
- बहस -झगड़ा ,वाद-विवाद

**Q 2.निम्नलिखित प्रश्नों के वैकलिपक प्रश्न के उत्तर लिखिए।**

१-कक्कू दिन भर क्या करता रहता है?

**अ-रोता ह** ब-सोता है क-खाता है

२-कोयल की बोली कैसी है?

अ-कडवी **ब-मीठो** क-भदढी

३-कक्कू को लोग क्या कहते थे?

अ-गप्पू,टक्कू,कक्की ब-अक्कू,इक्कू,मक्कू **क-सक्कू,भक्कू,झक्कू**

४-जंगल में कौन आराम कर रहा था?

**अ-शेर** ब-लोमडी क-हाथी

५-हाथी ने किसको प्रणाम किया?

अ-शेर को **ब-मक्खी को** क-लोमडी को

६-मक्खी कोदेखकर लोमडी ने क्या किया?

अ-दौडने लगी ब-चिल्लाने लगी **क-मुस्कुराने लगी**

७-जाला किसने बनाया?

**अ-मकडी ने** ब-मक्खी ने क-लोमडी ने

**Q.3निम्नलिखित सही कथन पर सही और गलत पर गलत का निशान लगाए।**

1-कक्कु बात-बात पर चिड़ जाता है। सही

2-कक्कु अच्छा गाता है। गलत

3-कक्कु झगडालु लडका है। सही

4-कक्कु को सभी नक्कु भी कहते है। गलत

5-शेर कुछ दिनो से बिमार पडा था। गलत

6-मक्खी शेर से जयादा ताकतवर थो। गलत

7-**लोमड़ी बहुत चालक थी|** **गलत**

8-**लोमड़ी की बात सुनकर मक्की गुस्से से लाल हो उठी|** **सही**

**Q 4. सही जोडी मिलान करिये-**

| अ | ब |
|---|---|
| राजा | वन |
| जंगल | नृप |
| गुस्सा | अहंकार |
| नाक | क्रोध |
| घमंड | नासिका |

**Q 5. निम्नलिखित प्रश्नो के अतिलघु उत्तर लिखिए।**

१: कक्कू दिनभर क्या करता हैं ?

उत्तर : कक्कू दिनभर सोता हैं ।

२ : कोयल की बोली कैसी होती हैं ?

उत्तर : कोयल की बोली मीठी हैं ।

३ कक्कू से ठिठोली करने पर वह क्या करता हैं ?

उत्तर : कक्कू से ठिठोली करने पर वह भड़कता हैं ।

४ कक्कू को लोग किस - किस नाम से पुकारते हैं ?

उत्तर : कक्कू को लोग सक्कू,भक्कू और झक्कू के नाम से पुकारते हैं।

५ जंगल में कौन आराम कर रहा था ?

उत्तर : जंगल में शेर आराम कर रहा था ।

६ हाथी ने किसको प्रणाम किया ?

उत्तर : हाथी ने मक्खी को प्रणाम किया ।

७ मक्खी को देखकर लोमड़ी ने क्या किया ?

उत्तर : मक्खी को देखकर लोमडी मुस्कुराने लगी ।

८ जाला किसने बनाया था ?

उत्तरः जाला मकड़ी ने बनाया था ।

९ मक्खी को जाल मे किसने फँसाया ?

उत्तर : मक्खी को जाल मे लोमड़ी ने फँसाया ।

**Q 6. निम्नलिखित प्रश्नो के लघु उत्तर लिखिए।**

१ कक्कु का अर्थ है ?

उत्तर : कक्कु का अर्थ कोयल है ।

२ सभी कक्कु को चिढ़ाते है ?

उत्तर : क्यो कि वह दिन भर रोता रहता है ।

३ कक्कु को कभी-कभी भक्कु कहकर क्यों पुकारा जाता हैं ?

उत्तर : क्यों कि कभी- कभी वह भड़कता है इसलिए उसे भक्कू पुकारा जाता हैं ।

४ कक्कू और कोयल के स्वभाव में क्या - क्या अंतर हैं ?

उत्तर : कक्कू स्वभाव से झगडांलु है और कोयल स्वभाव से शांत हैं ।

५ कक्कू को झक्क ूकहना क्यों उचित हैं ?

उत्तर : क्यों कि वह झगड़ालु हैं इसलिए झक्कू कहाना उचित हैं ।

६: शेर को गुस्सा क्यों आया ?

उत्तर :शेर को गुस्सा आया क्यों कि मक्खी शेर के कान के पास भिन-भिन कर रही थी ।

७: मक्खी ने किसे और किस प्रकार ललकारा?

उत्तरः मक्खी ने शेर और हाथी को गुस्से से ललकारा।

८: शेर मक्खी को क्यों न मार सका?

उत्तरः क्योंकि मक्खी कभी कान पर ,कभी गाल पर ,कभी नाक पर, कभी गर्दन पर बैठकर उड़ जाती थी।

९: शेर ने ऊबकर मक्खी से क्या कहा?

उत्तरः शेर ने ऊबकर मक्खी से कहा मक्खी बहन अब मुझे छोड़ दो मैं हारा और तुम जीती।

१0: मक्खी को घमंड क्यों हो गया था?

उत्तर :मक्खी को घमंड आया था, क्योंकि उसने जंगल के राजा शेर को हराया था।

११: हाथी ने मक्खी की कौन -कौन सी बात मानी थी और क्यों?

उत्तर : हाथी ने मक्खीको प्रणाम करने की बात मानी थी, क्योंकि मक्खी के साथ समय बर्बाद नहीं करना चाहता था?

१२: मक्खी ने स्वयं को सबसे बलशाली मानते हुए लोमड़ी से क्या कहा?

उत्तरः  मक्खी ने स्वयं  का सबसे बलशाली मानते हुए लोमडी़ से कहा मुझे प्रणाम कर।

१३ः लोमडी़ ने मक्खी का घमंड किस प्रकार  चूर किया?

उत्तरः  लोमडी़ ने मक्खी को जाल में फँसाकर उसका घमंड तोडा।

**Q 7. निम्नलिखित प्रश्नो के दीर्घ उत्तर लिखिए।-**

१ : कक्कू को झगडालू क्यों कहाँ जाता हैं ?

उत्तर : कक्कू बात - बात मे चिढ़ जाता है और हर बात ने मुहं फुला लेता ह|इसलिए उसे झगडालूं  कहा जाता हैं ।

२ः शेर ने मक्खी पर पंजा क्यों उठाया?

उत्तरः शेर को बेहुत मुशकिल से नींद आई थी तभी एक मक्खी आकर उसके कान के पास भिन-भिन करने लगी तब शेर कि नींद खुल गयी इसी वजह से शेर को गुस्सा आया तब शेर ने पंजा उठाया ।

३ः शेर क्यों ऊब गया ?

उत्तरःशेर ऊब गया क्योंकि मक्खी कभी शेर के कान पर ,कभी गाल पर ,कभीनाक पर, कभी गर्दन पर बैठकर उड़ जाती थी,शेर पंजा मारता रहा और खुद को घायल करता जाता मक्खी फट से उड़ जाती इस वजह से शेर ऊब गया ।

४ :लोमडी़ ने मक्खी का घमंड कैसे चुर किया ?

उत्तर :लोमड़ी ने मक्खी से कहा कि मक्खी रानी तुम तो धन्य हो,आपका जीवन धन्य है, आपके माता-पिता धन्य है,लेकिन वह मकड़ी आप को गाली दे रही है,जरा उसकी खबर लो,और उसको जाल मे फँसा दिया ।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------